SPT/X-0060

# SECONDARY MONTHLY EXAMINATION, SEPTEMBER - 2023

## माध्यमिक मासिक परीक्षा, सितम्बर - 2023

## SOCIAL SCIENCE (Compulsory)

## सामाजिक विज्ञान (अनिवार्य)

पृष्ठ : 1/4 | Page : 1/4

(समय : 1 घंटा 30 मिनट) | विषय कोड/Sub. Code : 111 | ( पूर्णांक : 50

[ Time : 1 Hour 30 Minutes ] | | [ Full Marks : 50

निर्देश : किसी प्रश्न में कोई संशय या विसंगति के मामले में हिन्दी रूपांतर ... मान्य होगा।

Note : In case of any doubt or discrepancy in any question ... version will be valid.

A r Carrier Point- Sumit Sir

### खण्ड 'ब' (विषयनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है | किन्ही 5 प्रश्नों का उत्तर दे |

**1. जर्मनी के एकीकरण कि बाधाएं क्या थी ?**

**उत्तर –** जर्मनी के एकीकरण की बाधाएँ -

(i) लगभग 300 छोटे-बड़े राज्य

(ii) इन राज्यों में व्याप्त राजनीतिक, सामाजिक तथा धार्मिक विषमताएँ

(iii) राष्ट्रवाद की भावना का अभाव

(iv) ऑस्ट्रिया का हस्तक्षेप तथा

(v) मेटरनिख की प्रतिक्रियावादी नीति।

**4. राजनितिक दलों को लोकतंत्र का प्राण क्यों कहा जाता है ?**

**उत्तर –** लोकतंत्र में सरकार जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा चलाए जाते हैं। ये प्रतिनिधि किसी न किसी राजनीतिक दल के सदस्य होते हैं। जनता भी किसी न किसी राजनैतिक दल के ऊपर विश्वास करती है और उनकी नीतियों का समर्थन करती है।चुनाव के दौरान यही राजनैतिक दल के सदस्यगण चुनाव लड़ते हैं, चयनित होते हैं

और बहुमत प्राप्ति के बाद सरकार का गठन करते हैं। यदि जिन दलों को बहुमत की प्राप्ति नहीं होती वह विपक्ष के रूप में जनता के हित में आवाज उठाते हैं। यदि राजनीतिक दल न हो तब जनतंत्र के अंतर्गत प्रतिनिधि सरकार का निमाण ही संभव नहीं। उनकी समस्याओं को सुनने वाला भी कोई नहीं होगा। अत: हम कह सकते हैं कि राजनीतिक दल लोकतंत्र का प्राण है।

**5. मिश्रित अर्थव्यवस्था कि प्रमुख विशेषताएं बताइये ?**

उत्तर- **मिश्रित अर्थव्यवस्था की विशेषताएं-**

1. **लोक व निजी क्षेत्र का विभाजन** – मिश्रित अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक व निजी क्षेत्र का स्पष्ट व निश्चित विभाजन होता है। ये दोनों क्षेत्र एक-दूसरे के पूरक के रूप में कार्य करते हैं।
2. **सार्वजनिक व निजी क्षेत्र का एक साथ विकास** – समग्र आर्थिक विकास हेतु सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों की भूमिकाओं को परिभाषित करना तथा इनका साथ-साथ विकास करना मिश्रित अर्थव्यवस्था का आवश्यक लक्षण है।
3. **लोकहित** – मिश्रित अर्थव्यवस्था लोकहित को सर्वोच्च वरीयता दी जाती है। इस प्रकार निजी क्षेत्र को नियंत्रित व निर्देशित करती है।
4. **राजकीय नियंत्रण** – राजकीय अर्थव्यवस्था में सरकार द्वारा नियंत्रण हेतु अनेक विधियों, नियमों, नीतियों को तय किया जाता है तथा यह प्रयास किया जाता है। कि निजी क्षेत्र राष्ट्रीय लक्ष्यों की पूर्ति में सहयोग करे।

**7 . मृदा संरक्षण के दो उपाय बताइये ?**

उत्तर- **मृदा संरक्षण के दो उपाय इस प्रकार हैं:**

- **सघन वृक्षारोपण:** ढलान जगह पर वृक्षों को लगाना एक कारगर उपाय है।
- **वनों की रक्षा:** वनों की रक्षा का महत्त्व और उद्देश्य बिलकुल वृक्षारोपण का ही है। अधिक पेड़ों से मिट्टी एक स्थान पर ज्यादा समय तक रुकी हुई होती है।

**10. भूस्खलन से बचाव के दो उपाय बताईये ?**

A1 Carrier Point- Sumit Sir

**उत्तर-** भूस्खलन से बचाव के दो उपाय निम्नलिखित हैं

( i ) भूस्खलन के मार्ग से दूर हट जाना तथा ( ii ) नजदीकी ऊँची भूमि पर शरण लेना|

**प्रश्न संख्या 11 से 18 तक दीर्घ उत्तरीय है ? किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दें |**

**11. रूसी क्रांति के प्रभाव की विवेचना करें।**

**उत्तर –** रूसी क्रांति के प्रमुख प्रभाव निम्न थे—

(i) इस क्रांति के पश्चात् श्रमिक अथवा सर्वहारा वर्ग की सत्ता रूस में स्थापित हो गई तथा इसने अन्य क्षेत्रों के आंदोलन को भी प्रोत्साहित किया।

(ii) रूसी क्रांति के बाद विचारधारा के स्तर पर विश्व दो खेमों में विभाजित हो गया, पूर्वी यूरोप और पश्चिमी यूरोप |

(iii) द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् पूँजीवादी विश्व तथा सोवियत संघ के बीच शीतयुद्ध की शुरुआत हुई और आगामी चार दशकों तक हथियारों की होड़ चलती रही।

(iv) इसकी सफलता ने एशिया और अफ्रीका में उपनिवेश मुक्ति को भी प्रोत्साहन दिया।

**14. लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में जनसंघर्ष कि भूमिका पर चर्चा करें ?**

**उत्तर –** विश्व में जहाँ भी लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम है, वहाँ के लोगों को संघर्ष करना पड़ा है। सर्वप्रथम ब्रिटेन में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम हुई। लेकिन, इसके लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। फ्रांस में लगातार सदियों तक संघर्ष चला तब वहाँ लोकतंत्र न केवल स्थापित हुआ, बल्कि स्थायी भी हुआ। जब सत्ताधारियों और सत्ता में भागीदारी चाहने वालों के बीच संघर्ष चलता है, तब यह लोकप्रियता की निर्णायक घड़ी होती है। ऐसी घड़ी किसी भी लोकतांत्रिक देश में तब उत्पन्न हो जाती है, जब कोई देश लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहा होता है और उस देश में लोकतंत्र का विकास हो रहा होता है। लोकतांत्रिक संघर्ष का समाधान जनता की व्यापक लामबन्दी के सहारे संभव है। लोकतंत्र में फैसले आम सहमति से लिये जाते हैं। जनसंघर्ष से राजनीतिक संगठनों का

Ar Carrier Point- Sumit Sir

विकास होता है। ये राजनीतिक संगठन जन भागीदारी के द्वारा जन समस्याओं को सुलझाने में सहायक होते हैं

**15. बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के प्रमुख कारणों को लिखिए |**

**उत्तर –** बिहार के पिछड़ेपन के कारण- आर्थिक दृष्टि से बिहार के पिछड़ेपन के कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार है-

1. जनसंख्या विस्फोट - बिहार में जनसंख्या का विस्फोट है जिनके चलते विकास के लिए साधन कम हो रहे हैं। अधिकांश साधन जनसंख्या के भरण-पोषण में चला जाता है 2. आधारिक संरचना का अभाव -- राज्य में सड़क, बिजली एवं सिंचाई का अभाव है। साथ ही, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ भी कम हैं।

3. कृषि पर अत्यधिक निर्भरता - बिहार की अर्थव्यवस्था पूरी तरह कृषि पर आधारित है। कृषि मॉनसून के साथ जुआ है। कभी अतिवृष्टि तो कभी ओलावृष्टि की समस्या है।

4. बाढ़ एवं सूखा की स्थिति — हर साल कम या अधिक बाढ़ बिहार में आना तय हैं। इसके कारण जानमाल की काफी क्षति होती है।

5. औद्योगिक पिछड़ापन – यहाँ के सभी खनिज क्षेत्र एवं बड़े उद्योग, प्रतिष्ठित अभियांत्रिक संस्थान सभी झारखंड चले गए।

**18. भारत में खनिज तेल के वितरण का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –** भारत में मुख्यत: पाँच तेज उत्पादक क्षेत्र हैं—

(i) उत्तरी-पूर्वी प्रदेश – देश का सबसे पुराना तेल उत्पादक क्षेत्र है। इस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उत्पादन असम में (डिग्बोई), नहरकटिया, मोरान, रुद्रसागर, अरुणाचल प्रदेश का निगरू तथा नांगालैंड के बोरहोला तेल क्षेत्र में होता है।

(ii) गुजरात क्षेत्र - खम्भात बेसिन, अंकलेश्वर तथा कलोल, नवगाँव, कोशाम्बी।

(iii) मुबई हाई - मुंबई तट से 176 किमी दूर उत्तर-पश्चिम अरब सागर में।

(iv) पूर्वी तट प्रदेश – कृष्णा, गोदावरी, कावेरी नदियों की श्रेणियों में। (v) बारमेर श्रेणी - मंगला क्षेत्र |

Ar Carrier Point-Sumit Sir